# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/माध्य/मॉनिट/49114/स0नि0 बैठक/2019/168 दिनांक : 11/12/19

1. संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, संभाग बीकानेर व उदयपुर।
2. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, उदयपुर, राजसमंद, चित्तोड़गढ, प्रतापगढ, डूंगरपुर, व बांसवाड़ा।
3. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, उदयपुर, राजसमंद, चित्तोड़गढ, प्रतापगढ, डूंगरपुर, व बांसवाड़ा।
4. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, उदयपुर, राजसमंद, चित्तोड़गढ, प्रतापगढ, डूंगरपुर, व बांसवाड़ा।

विषयः– माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय द्वारा संवाद कार्यक्रम **"आओ चलें विद्यालय की ओर "** अभियान के द्वितीय चरण के संबंध मे।

प्रसंगः– शासन का पत्रांकः प17(1) शिक्षा–1/2019 जयपुर पार्ट दिनांकः 11.12.19 एवं इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 24.10.19 (संलग्न)।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत शासकीय निर्देशों के क्रम में माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय द्वारा संस्था प्रधानो एवं शिक्षाधिकारियों से सीधा संवाद कार्यक्रम **" शिक्षा मंत्री चले विद्यालय की ओर...."** का परिवर्तित नाम **"आओ चलें विद्यालय की ओर...."** अभियान के द्वितीय चरण में सम्बन्धित संभाग के मुख्यालय पर बीकानेर तथा उदयपुर संभाग के समस्त जिलों के संस्था प्रधानों से संवाद हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है:–

| क्र.सं | नाम संभाग | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 1 | बीकानेर (समस्त जिले) | 16.12.19 को दोपहर 12.30 बजे। |
| 2 | उदयपुर (समस्त जिले) | 23.12.19 को प्रातः 11.00 बजे। |

इस कार्यालय के प्रासंगिक निर्देश पत्र दिनांकः 24.10.19 द्वारा **"आओ चलें विद्यालय की ओर...."** **("शिक्षा मंत्री चले विद्यालय की ओर....")** संवाद कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये गये थे। जारी निर्देशानुसार संबंधित संयुक्त निदेशक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तथा निदेशालय द्वारा नामित जिला प्रभारीगण निर्धारित दायित्वों की पालना करते हुए संवाद कार्यक्रम के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं किया जाना सुनिश्चित करें।

**उदयपुर संभाग के संयुक्त निदेशक तथा उदयपुर जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भी बीकानेर संभाग में आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।**

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय, राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज(प्रा.शि.) राजस्थान, बीकानेर।
6. अतिरिक्त निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
7. शासन उपसचिव, शिक्षा (ग्रुप–1), राजस्थान, जयपुर।
8. जिला प्रभारी, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, उदयपुर, राजसमंद, चित्तोड़गढ, प्रतापगढ, डूंगरपुर, व बांसवाड़ा, कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट पर अपलोड करने हेतु।
10. स्टॉफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
11. भण्डारपाल, कार्यालय हाजा।
12. रक्षित पत्रावली ।

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

desktop\workshort\letter

# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/माध्य/मॉनिट/49114/स0नि0 बैठक/2019/ दिनांक : 24.10.2019

1. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा।
4. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।

विषयः– माननीय शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय के संवाद कार्यक्रम " **शिक्षा मंत्री चले विद्यालय की ओर** " अभियान के संबंध मे।

प्रसंगः– शासन का आदेश क्रमांकः प17(1) शिक्षा–1/2019 जयपुर दिनांक 22.10.19

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक शासनादेश के क्रम में माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय द्वारा संस्था प्रधानो एवं शिक्षाधिकारियों से सीधा संवाद कार्यक्रम "**शिक्षा मंत्री चले विद्यालय की ओर**...." अभियान चलाया जाना निश्चित किया गया है । अभियान का मुख्य उद्देश्य राजस्थान राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बढाना, संस्था प्रधानो एवं शिक्षाधिकारियों में आत्मविश्वास का संचार करना एवं अभिभावाको मे राजकीय विद्यालयों के प्रति सकारात्मक सोच बहाल करना है।

उल्लेखनीय है कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान राज्य ने अधिगम प्रतिफलों (Learning Outcomes) (कक्षा 3,5,8) में पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इसको कायम रखने एवं आगामी बोर्ड परीक्षा के परिणाम में गुणात्मक एवं मात्रात्मक वृद्धि के लिए एक राज्यव्यापी मिशन प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान में माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय के साथ निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर की भी सहभागिता रहेगी।

इस मिशन के प्रथम चरण में माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय द्वारा कोटा मण्डल में दिनांक 08.11.2019 एवं उदयपुर मण्डल में दिनांक 09.11.19 को संस्था प्रधानों एवं शिक्षाधिकारियों के साथ सीधा संवाद किया जाना निश्चित हुआ है। शेष मण्डलो के शिक्षाधिकारियों के साथ सीधे संवाद हेतु तिथियां पृथक से घोषित की जाएगीं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निदेशालय, संभाग तथा जिला स्तरीय अधिकारियों हेतु अग्रांकित विवरणानुसार दायित्व निर्धारित कर तद्नुसार कार्य संपादन हेतु पाबंद किया जाता है–

1. **संयुक्त निदेशक**– संभाग मुख्यालय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम हेतु सम्बन्धित संभागीय संयुक्त निदेशक सम्पूर्ण संभाग हेतु नोडल अधिकारी होंगे। नोडल अधिकारी के रूप में कार्यक्रम आयोजन हेतु शासन स्तर से नियुक्त प्रभारी अधिकारी, निदेशालय स्तर पर नामित जिला प्रभारियों एवं अधीनस्थ जिला/ब्लॉक स्तरीय समस्त अधिकारियों से समुचित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन व सफलतापूर्वक संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। मण्डल के सभी जिलों के शैक्षिक परिदृश्य, विभागीय कल्याणकरी योजनाओं, नवाचार तथा उल्लेखनीय उपलब्धियों का एक सारगर्भित (लगभग 10 मिनट) का पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन तैयार कर संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत करेंगे।
2. **मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**– सम्बन्धित जिलों के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक के रूप में निदेशालय एवं संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ अग्रिम समन्वय स्थापित करते हुए अधीनस्थ शिक्षाधिकारियों एवं संस्था प्रधानों की संवाद कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।
3. **निदेशालय द्वारा नामित जिला प्रभारी (OICs )** – निदेशालय द्वारा नामित जिला प्रभारीगण आदेश प्राप्ति के तत्काल पश्चात प्रभारित जिले के प्रभारी के रूप में जिला स्तरीय अधिकारियों से सतत् सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम के सुचारू आयोजन एवं अभियान के सफलतापूर्वक संचालन हेतु संवाद कार्यक्रम आयोजन से दो दिवस पूर्व प्रभारित जिले में प्रवास करते हुए ब्लॉक/जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रबोधन करेंगे। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात आयोज्य बैठक में भी सहभागिता की जानी सुनिश्चित करेंगे।

**संवाद के मुख्य बिन्दु–**

1. विद्यार्थियों की आवश्यकता का आकलन।
2. विद्यालय के शिक्षको, विद्यार्थियों एवं अभिभावको से संवाद कर कार्यकारी दल( टास्क फोर्स) का गठन।
3. विद्यालय स्तर पर आवश्यकतानुसार ठोस कार्य योजना का निर्माण एवं उत्तरदायित्व हस्तानान्तरण।
4. कार्ययोजना के चरणो का निर्धारण एवं क्रियान्वयन।
5. कार्ययोजना का पाक्षिक मूल्यांकन एवं प्रतिपुष्टि।
6. ब्लॉक स्तर, जिला स्तर एवं मण्डल स्तर पर सम्बलन की कार्ययोजना।
7. राज्य स्तर पर कार्यक्रम का प्रबोधन।

**नोट –** संवाद कार्यक्रम के उपरान्त विभाग के ब्लॉक/जिला/संभाग स्तरीय अधिकारियों की प्रशासनिक बैठक का आयोजन माननीय शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय की अध्यक्षता में किया जाएगा। जिसमें शासकीय अपेक्षानुरूप विभागीय प्राथमिकताओं और योजनाओं के सम्बन्ध में प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उक्त बैठक में संभाग/जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिले में विभाग की प्राथमिकता एवं महत्वकांक्षी योजनाओं में जिले की उपलब्धियों, चुनौतियों एवं आगामी कार्ययोजना से सम्बन्धित प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं पालनार्थ–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महोदय, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, जयपुर।
3. आयुक्त स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर, राजस्थान सरकार।
5. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
6. अतिरिक्त निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
7. शासन उपसचिव, शिक्षा (ग्रुप–I), राजस्थान, जयपुर।
8. समस्त जिला प्रभारी, कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. स्टॉफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
11. रक्षित पत्रावली ।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर